## डीएमए निदेशक ने धनबाद में चार नगर निकायों के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में कोई लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

धनबाद

## राशि लेकर पीएम आवास नहीं बनाने वाले लाभुक को घर-घर जाकर ढूंढ़ें: विजया जाधव

### नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक ने चार निकायों के अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक

सिटी रिपोर्टर | धनबाद

पांच से सात साल पूर्व राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों के घर निगम के कर्मचारी जाएंगे और उनसे घर नहीं बनाने के कारणों की जानकारी लेंगे। उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। निगमकर्मी यह कार्य नगरीय प्रशासन निदेशालय नगर विकास विभाग की निदेशक विजया जाधव के निर्देश पर करेंगे। विभागीय निदेशक विजया जाधव शुक्रवार को प्रमंडलीय समीक्षा बैठक करने धनबाद आई थीं। सर्किट हाउस में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में धनबाद के अलावे चास नगर निगम, चिरकुंडा नगर परिषद व फुसरो नगर परिषद के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), पीएम स्व निधि योजना व मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की समीक्षा की और इसमें में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निकाय के अधिकारियों से कहा कि अगर कोई गांव का रहने वाला व्यक्ति शहर में नौकरी मांगने आता है, तो उन्हें भी अब रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने महिला समूहों को अधिक से अधिक रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि समूह से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।



सर्किट हाउस में बैठक करतीं नगर विकास विभाग की निदेशक।

**580 आवास सात साल से लंबित** | नगरीय निदेशक विजया जाधव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि चारों निकाय में ऐसे 580 ऐसे लाभुक हैं, जिन्होंने 2015-16 से पैसा लेकर अब तक घर नहीं बनाए। इनमें से अधिकांश लोगों ने अभी तक नीव तक नहीं खोदा है। ऐसे लाभुकों को खोजने व उन्हें निगम कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या को सुनने और उसका समाधान करने का निर्देश दिया गया। बताया कि धनबाद टीम को निर्देश दिया गया है कि पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वाले को नोटिस देकर कार्रवाई करें। धनबाद में ऐसे 18 लाभुक हैं, जिन्हें 2015-16 में राशि दी गई थी। 25 अक्टूबर को ऐसे सभी लाभुकों को कार्यालय बुलाने का निर्देश दिया गया है।

### नगर विकास विभाग की नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक ने चार नगर निकायों की समीक्षा की

## पीएम आवास का पैसा दबाए बैठे हैं 560 लोग

धनबाद | प्रमुख संवाददाता

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग की निदेशक विजया जाधव ने धनबाद में उत्तरी-छोटानागपुर प्रमंडल के धनबाद नगर निगम, चास नगर निगम, चिरकुंडा नगर परिषद तथा फुसरो नगर परिषद के नगर आयुक्तों व कार्यपालक पदाधिकारियों एवं निकाय के टीम के साथ समीक्षात्मक बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। धनबाद में सात साल से पीएम आवास की राशि लेकर आवास नहीं बनाने पर नाराजगी जताते हुए ऐसे लोगों पर दबाव देकर आवास बनवाने का निर्देश दिया।

**07** साल से राशि लेकर आवास नहीं बनाया

**सख्ती**

- बुला कर पूछा जाए कि निर्माण कार्य में क्यों नही आगे बढ़ा रहे
- लिंटल से रूफ लेवल को पूरा करने पर जोर दिया गया



सर्किट हाउस में शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक करती निदेशक विजया जाधव। • हिन्दुस्तान

शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वानिधि व मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की प्रगति की समीक्षा की गई एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विजया जाधव ने बताया कि धनबाद नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना की टीम को निर्देश दिया गया है कि जो लाभुक पैसा लेकर आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई करें। निर्देश दिया कि वर्ष 2015-16 के 18 वैसे लाभुकों को सोमवार को मुख्य कार्यालय में बुला कर उनकी समीक्षा की जाए कि आखिर वे आवास निर्माण आगे क्यों नहीं बढ़ा रहे हैं। उसी तरह मंगलवार को वर्ष 16- 17 के वैसे लाभुक जो पैसा लेकर निर्माण को लंबित रखे हुए हैं, उन्हें बुला कर कार्यालय में पूछा जाए कि निर्माण कार्य में क्यों नहीं आगे बढ़ा रहे हैं। उसी तरह चास नगर निगम को निर्देश दिया गया कि वर्ष 15 -16 ,16-17 के लंबित आवास को जल्द पूरा करें। साथ ही लिंटल से रूफ लेवल को पूरा करने पर जोर दिया गया। चिरकुंडा के नगर प्रबंधक सह प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वर्ष 2015 से लेकर 2018 तक आवास योजना की डीपीआर से संबंधित वैसे लाभुक जिनको कैंसिल कर दिया गया था, उन्हें कार्यालय में बुला कर एक समीक्षा करें ताकि योग्य लाभुक को पीएम आवास योजना का लाभ से वंचित न हों।

**पंचायत क्षेत्र के लोगों का भी मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से काम:** विजया जाधव ने बताया कि अब पंचायत क्षेत्र के मजदूरों का भी मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नगर निगम से जॉब कार्ड बनाया जाएगा। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। गांव के लोगों के लिए भी निगम को रोजगार मुहैया कराना होगा।

**बरमसिया में बनेगा एक और नाइट शेल्टर:** डायरेक्टर ने बताया कि धनबाद के बरमसिया में एक और आश्रयगृह का निर्माण कराया जाएगा। धनबाद नगर निगम से इसका प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव मिलते ही विभाग इसके लिए राशि आवंटित करेगी। यहां राजीव आवास को ही आश्रयगृह में बदला जाएगा। इस समीक्षा बैठक में धनबाद नगर निगम के आयुक्त सत्येन्द्र कुमार, चास के नगर आयुक्त अनिल सिंह, फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार मौजूद थे।

### वेंडिंग जोन बनाने का जोरदार विरोध

धनबाद। नगर निगम द्वारा कोहिनूर मैदान में प्रस्तावित वेंडिंग जोन का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। लोगों ने विधायक राज सिन्हा के माध्यम से नगर आयुक्त को पत्र लिख कर कहा है कि कोहिनूर मैदान में वेंडिंग जोन बनने से धनबाद का एकमात्र सरकारी ग्राउंड बर्बाद हो जाएगा। यहां डिज्नीलैंड, ल्हासा मार्केट लगाया जाता है। लोगों ने नगर आयुक्त से वेंडिंग जोन स्थल बदलने की मांग की है। गोल्फ ग्राउंड के सौंदर्यीकरण के बाद अब वहां कोई मेला लगना संभव नहीं है। धनबाद के लोगों के मनोरंजन के लिए सिर्फ यही ग्राउंड बचा है, जिसमें हर साल किसी न किसी प्रकार गर्मी की छुट्टी मई-जून, अप्रैल या दशहरा के उपलक्ष में मेला का आयोजन किया जाता है। ठंड के मौसम में ल्हासा मार्केट भी लगाया जाता है। इतना ही नहीं धनबाद कोर्ट आने वाले लोगों के लिए यह मैदान पार्किंग स्थल है। इसे देखते हुए लोगों ने वेंडिंग जोन स्थल बदलने की मांग की है। लोगों के आवेदन पर विधायक राज सिन्हा ने भी नगर आयुक्त को पत्र लिख कर इसपर कार्रवाई का आग्रह किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA